तहसील कार्यालय में सूचना का अधिकार व्यवस्था सवालों के घेरे में

आरटीआई में धारा 4 (3) के तहत नोटिस बोर्ड लोक सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी प्रदर्शित करने का है प्रावधान

छिंदवाड़ा। सूचना का अधिकार अधिनियम सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है, लेकिन छिंदवाड़ा तहसील कार्यालय में इस कानून की जमीनी स्थिति सवाल खड़े करती नजर आ रही है। कार्यालय में सूचना का अधिकार अधिनियम, लोक सूचना अधिकारी और प्रथम अपीलीय अधिकारी से संबंधित स्पष्ट जानकारी देने वाला बोर्ड तक दिखाई नहीं देता। ऐसे में आम नागरिक यदि सूचना मांगने पहुंचे तो उसे यह पता लगाने में ही परेशानी होती है कि आवेदन आखिर किसके पास जमा किया जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा, मनीष गड़करी

गुरुवार को इसका एक उदाहरण सामने आया, जब एक सूचनाकर्ता सूचना के अधिकार का आवेदन लेकर तहसील कार्यालय पहुंचा। आवेदन जमा कराने के लिए उसे एक टेबल से दूसरी टेबल और दूसरी से तीसरी टेबल तक भेजा जाता रहा।

आखिरकार मामला डिस्पैच शाखा तक पहुंचा। यहां मौजूद कर्मचारी द्वारा कथित तौर पर यह कहा गया कि तहसील कार्यालय में आरटीआई के आवेदन केवल डाक के माध्यम से ही लिए जाते हैं। सूचनाकर्ता ने जब स्पष्ट किया कि वह स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन दे रहा है और उसे प्राप्ति चाहिए, तब भी उसे तत्काल समाधान नहीं मिला।



तहसीलदार के पास पहुंचा मामला

लगातार भटकने के बाद सूचनाकर्ता को तहसीलदार मीना दशरिया से संपर्क करना पड़ा। तहसीलदार ने कुछ समय बाद आवेदन देखा और बताया कि मांगी गई जानकारी एसडीएम कार्यालय से संबंधित है। इस पर सूचनाकर्ता ने कहा कि सूचना किस कार्यालय में उपलब्ध है, यह निर्धारित करना आवेदक का काम नहीं है। यदि जानकारी किसी अन्य लोक प्राधिकरण के पास है तो नियमानुसार आवेदन को संबंधित कार्यालय में स्थानांतरित किया जा सकता है।इसके बाद आवेदन को धारा 6(3) के तहत संबंधित कार्यालय को भेजने के लिए मार्क किया गया। यानी एक साधारण आरटीआई आवेदन को निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे बढ़ाने में भी आवेदक को कार्यालय की कई टेबलों के चक्कर लगाने पड़े।

लोक सूचना अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल

तहसील कार्यालय में नियुक्त लोक सूचना अधिकारी को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि संबंधित अधिकारी को आरटीआई की प्रक्रिया और उसकी बारीकियों की पर्याप्त जानकारी नहीं होने के कारण आवेदनों को लेकर कार्यालय के अन्य कर्मचारियों पर निर्भर रहना पड़ता है। यदि ऐसा है तो सवाल यह है कि सूचना के अधिकार जैसे महत्वपूर्ण कानून के लिए प्रशिक्षित और सक्षम व्यवस्था क्यों नहीं बनाई गई। आरटीआई केवल कागज पर आवेदन लेने और जवाब भेजने की प्रक्रिया नहीं है। इसका उद्देश्य सरकारी रिकॉर्ड को नागरिकों के लिए पारदर्शी बनाना है। आवेदन लेने से लेकर सूचना उपलब्ध कराने तक प्रत्येक स्तर पर निर्धारित प्रक्रिया का पालन होना आवश्यक है।

जानकारी के लिए भी अपीलों का लंबा रास्ता

तहसील कार्यालय में आरटीआई आवेदनों के निस्तारण को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। आवेदकों का कहना है कि कई मामलों में या तो समय पर जानकारी नहीं मिलती अथवा ऐसे जवाब दिए जाते हैं जिनसे मूल सूचना तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। इसके बाद आवेदक को प्रथम अपील, फिर द्वितीय अपील जैसी लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। वर्षों बाद मिलने वाली सूचना का महत्व कई मामलों में उसी समय खत्म हो जाता है, जब वह निर्णय या कार्रवाई के लिए सबसे ज्यादा जरूरी होती है।

बोर्ड तक नहीं तो पारदर्शिता कैसी?

सबसे बड़ा सवाल कार्यालय की सूचना व्यवस्था को लेकर है। आम नागरिक को यह स्पष्ट रूप से पता होना चाहिए कि लोक सूचना अधिकारी कौन है, प्रथम अपीलीय अधिकारी कौन है और आरटीआई आवेदन कहां जमा किया जाना है। यदि कार्यालय परिसर में ही इस संबंध में स्पष्ट सूचना उपलब्ध नहीं है तो फिर पारदर्शिता के सरकारी दावे कितने प्रभावी हैं, यह सवाल उठना स्वाभाविक है।तहसील कार्यालय में लंबे समय से जमे कर्मचारियों की कार्यप्रणाली और पुराने ढर्रे को लेकर भी शिकायतें सामने आती रही हैं। ऐसे में आरटीआई जैसे कानून का प्रभावी क्रियान्वयन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। बहरहाल, सवाल केवल एक आवेदक के टेबल-दर-टेबल भटकने का नहीं है। सवाल यह है कि जिस कार्यालय में आम नागरिक अपने अधिकार की जानकारी लेने पहुंचता है, वहीं यदि उसे प्रक्रिया समझने और आवेदन जमा कराने के लिए ही मशक्कत करनी पड़े तो पारदर्शिता की व्यवस्था किसके लिए है? हरिभूमि आने वाले दिनों में तहसील कार्यालय में लगाए गए आरटीआई आवेदनों, उनके जवाब और लंबित प्रकरणों की पड़ताल कर यह सामने लाएगा कि आखिर सूचना देने में इतनी हिचक क्यों दिखाई जाती है और किन मामलों में जानकारी अब तक दबाकर रखी गई है।

फॉर्मर रजिस्ट्री और स्वामित्व योजना के कार्यों में लापरवाही करने पर 4 पटवारी निलंबित

छिन्दवाड़ा। फॉर्मर रजिस्ट्री, एग्रोस्टॉक बकेटिंग, ई-केवायसी, स्वामित्व योजना आदि के कार्यों में लापरवाही बरतने पर 4 पटवारियों को निलंबित किया गया है, जिसमें 3 परासिया अनुविभाग व 01 अमरवाड़ा अनुविभाग का पटवारी शामिल है। इसके साथ ही जिले के 116 परिवीक्षाधीन पटवारियों को आदेशों की अवहेलना करने और कदाचार पर सेवा समाप्ति के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिनमें तहसील परासिया के 14, उमरेठ के 6, जुन्नारदेव के 26, चौरई के 15, चांद के 5, बिछुआ की 12, अमरवाड़ा के 14 और हर्रई के 24 पटवारी शामिल हैं। अनुविभाग जुन्नारदेव में दो लापरवाह पटवारियों की वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है। यह सभी कार्यवाहियां संबंधित अनुविभाग के एसडीएम द्वारा की गई है। एसडीएम अमरवाड़ा द्वारा प.ह.नं.-05 अतरिया पटवारी श्री राजकुमार मिश्रा तथा एसडीएम परासिया द्वारा प.ह.नं.-36 तिधरा के पटवारी श्री मनमोहन डेहरिया, प.ह.नं.-46 ग्राम बरकुही के पटवारी श्री विनोद उइके तथा प.ह.नं.-09 ग्राम बुदलापठार के पटवारी श्री नीलेश कवरेती (परिवीक्षाधीन) को अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन सही ढंग से नहीं करने एवं मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के नियमों का स्पष्ट उल्लघंन किये जाने पर संबंधित पटवारियों को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

तामिया ब्लॉक के अतिथि शिक्षकों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

तामिया। ब्लॉक के समस्त अतिथि शिक्षक शिक्षिकाएं ने अपनी लंबित मांगों के निराकरण के लिए शुक्रवार को को मुख्यमंत्री महोदय के नाम से तहसीलदार महोदय तामिया को सौंपा ज्ञापन जिसमें प्रमुख मांग हरियाणा मॉडल की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी अतिथि शिक्षकों को 12 माह का सेवाकाल एवं 62 वर्ष की आयु तक स्थायित्व प्रदान किया जाए ज्ञापन कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि शिक्षक संदीप राज, राजकुमार पहाड़े, मनोज डेहरिया ,गोविंद धुर्वे, प्रखर इंगले ,पंकज राय ,दुर्गेश चंदेल, विजेंद्र भलावी, धनपाल धुर्वे, एवं समस्त ब्लॉक के अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।



सांसद, महापौर, कलेक्टर, एसपी सभी ने थामी झाड़ू, सड़कों की सफाई पर निकले



छिन्दवाड़ा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किए जा रहे 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिलेभर में स्वच्छता एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर जिला प्रशासन एवं नगर निगम छिंदवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य स्वच्छता कार्यक्रम छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ छिंदवाड़ा शहर के जिला अस्पताल के गेट नंबर-1, अनगढ़ हनुमान मंदिर के पास से किया गया। जहां से हाथों में झाड़ू थामे सांसद श्री विवेक बंटी साहू, श्री शेषराव यादव, महापौर श्री विक्रम अहके, श्री धर्मेंद्र मिगलानी, श्री विजय पांडे, सभी पार्षदगण, अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन, पुलिस अधीक्षक श्री अजय पाण्डेय, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल पटेल, नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी.राय, सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी सहित नगर निगम और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने हाथों में स्वच्छता कर्मियों की झाड़ू लेकर मुख्य सड़क की सफाई की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन, नगर निगम और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ जन अभियान परिषद, विभिन्न सामाजिक संगठन, शुभम शिक्षा समिति, मॉडल फ्यूचर संस्था सहित गणमान्य नागरिकों और युवाओं ने सहभागिता की।कार्यक्रम का समापन मेजर अमित ठेंगे चौक पर हुआ, जहां संस्कृति विभाग भोपाल से आए दल द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर का संदेश दिया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत पिपरियाकला में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



बिछुआ। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 16 वा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और चिकित्सकों से आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। शिविर में 465 मरीजों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परिक्षण किया गया,जिसमें 277 महिलाएं एवं 188 पुरुष शामिल रहे,सभी मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया,इस अवसर पर सांसद श्री विवेक बंटी साहू मौजूद रहे। उन्होंने शिविर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तथा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में ऐसे आयोजनों को महत्वपूर्ण बताया। शिविर में जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सेवाएं एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।शिविर को क्रमशः शैलेश चोपड़े,गोलू नागरे,लखन वर्मा,पंडित रमेश दुबे एवं विवेक बंटी साहू ने संबोधित किया। इस दौरान मुख्य रूप से सांसद श्री विवेक बंटी साहू,पूर्व विधायक जिलाध्यक्ष पंडित रमेश दुबे,जिला पंचायत सदस्य लखन कुमार वर्मा,जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,मंडल महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित,किसान मोर्चा अध्यक्ष शैलेंद्र रघुवंशी,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी,वरिष्ठ नेता रामसिंह पटेल,रघुराज पटेल,नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े,उपाध्यक्ष मंगलेश दूबे,सरपंच रामसिंग धुर्वे,पार्षद अनिल कुर्मी, झीटो बाई धुर्वे, बिंदु मालवीय,मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर,नीरज पटेल, प्रशासनिक अधिकारी समेत स्थानीय कार्यकर्ता बंधु मातृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार में हमारे पारंपरिक खेलों को मिल रहा महत्व : सांसद

सांसद ने विजेता पहलवानों को किया पुरूस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रदेष और देष हमारे पारंपरिक खेलों को महत्व मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में प्राचीन और पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए भाजपा सरकार के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि आज हमारे देश के पारंपरिक खेलों के प्रतिभान खिलाड़ी देश और विदेश में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए देश का नाम रोशन कर रहे है। प्राचीन काल से ही मल्लयुद्ध वीरता और शारीरिक सौष्ठव का प्रतीक रहा है। हमारे पारंपरिक खेलों में कुश्ती का एक महत्वपूर्ण स्थान है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने छिंदा सेठिया के दुर्गा ग्राउण्ड में सन् 1986 से निरंतर जारी विशाल इनामी दंगल के दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

सांसद बंटी विवेक साहू ने विशाल इनामी दंगल में सेकड़ों लोगों की मौजूदगी में कार्यक्रम में शामिल होकर बलवीरों का उत्साह वर्धन कर इस ओजपूर्ण खेल का आनन्द लिया। रोमांच, उत्साह और वीरता से भरपूर इस मल्ल युद्ध के अखाड़े में स्थानीय पहलवानों के साथ- साथ दूरदराज से आए बलवीरों ने अपनी कला, दांवपेंचों का अनुपम प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमुदाय को रोमांचित कर दिया।

सांसद बंटी विवेक साहू ने इस विशाल ईनामी दंगल के विजेता पहलवानों को पुरूस्कृत भी किया। कार्यक्रम में परासिया विधानसभा प्रभारी श्रीमती ज्योति डेहरिया, सांसद प्रतिनिधि संतोष पटेल, भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष रिजवान कुरेशी, क्रेडिट सोसायटी के अध्यक्ष मार्कण्डेय सूर्यवंशी, मंडल अध्यक्ष देवी पाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजू नरोटे, राकेश दुबे, लल्लन यादव, रामअवतार गुप्ता, राजेश पासवान, महेन्द्र पाल आदि मौजूद रहे।

महंगे शौक पूरे करने रेंट पर ली कार, छिंदवाड़ा में की चेन स्नैचिंग

कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ा, 3 लाख की सोने की चेन और 7 लाख की कार बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

महंगे कपड़े पहनने और घूमने-फिरने के शौक पूरे करने के लिए भोपाल के युवकों ने इंदौर से रेंट पर कार ली और उसकी नंबर प्लेट बदलकर छिंदवाड़ा में चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम दिया। कोतवाली पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों सहित एक विधि उल्लंघनकर्ता बालक को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से करीब 3 लाख रुपए कीमत की सोने की चेन और वारदात में इस्तेमाल 7 लाख रुपए कीमत की ओरा कार बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार 27 सितंबर को अक्षय नरेंद्र कुमार राव ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 18 सितंबर की शाम करीब 7.20 बजे वह चंदनगांव से घर लौट रहा था। DDC कॉलेज के गेट के आगे सफेद रंग की होंडा ओरा कार से दो युवक उतरे। दोनों ने चेहरे पर कपड़ा बांध रखा था। एक युवक ने चाकू मारने की बात कही, जबकि दूसरे ने झपट्टा मारकर उसके गले से करीब 20 ग्राम की सोने की चेन छीन ली और दोनों कार से फरार हो गए। पुलिस ने अपराध क्रमांक 747/2026 धारा 304(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया।



सीसीटीवी और हुलिये से आरोपियों तक पहुंची पुलिस

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक अभिषेक चौधरी के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार धुर्वे ने टीम गठित की। टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। वारदात के बाद एक आरोपी के चेहरे से गमछा हट गया था, जिसे फरियादी ने देख लिया था। हुलिये के आधार पर पुलिस को मुखबिर से प्रेम राठपा के संबंध में जानकारी मिली।

इंदौर से रेंट पर ली थी कार

पुलिस टीम ने 1 अक्टूबर को सौंसर में प्रेम राठपा को उसके दो साथियों के साथ पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने पहले पुलिस को गुमराह किया, लेकिन बाद में प्रेम उर्फ शुभम राठपा और राघवेन्द्र उर्फ सन्नी सिंह ने वारदात करना स्वीकार किया। पूछताछ में सामने आया कि घूमने-फिरने और नए कपड़े खरीदने के लिए पैसे नहीं थे। इसके बाद राघवेन्द्र ने इंदौर से बिना ड्राइवर की रेंट कार लेकर चोरी-लूट की वारदात करने की योजना बनाई। 17 सितंबर को इंदौर से ओरा कार रेंट पर लेकर उसकी नंबर प्लेट बदलकर छिंदवाड़ा पहुंचे और चेन स्नैचिंग की।पुलिस ने आरोपियों से सोने की चेन बरामद कर ली है। रेंट व्यवसायी से कार भी जब्त की गई। दोनों आरोपियों और विधि उल्लंघनकर्ता बालक को न्यायालय में पेश किया गया।

गिरफ्तार आरोपी

प्रेम उर्फ शुभम राठपा, राघवेन्द्र उर्फ सन्नी सिंह तथा एक विधि उल्लंघनकर्ता बालक। पुलिस के अनुसार प्रेम के खिलाफ भोपाल में हत्या के प्रयास व मारपीट के पांच मामले, जबकि राघवेन्द्र के खिलाफ भोपाल और हैदराबाद में चोरी के चार मामले दर्ज हैं।

पुलिस टीम को मिलेगा पुरस्कार

कार्रवाई में सीएसपी अभिषेक चौधरी, टीआई आशीष कुमार धुर्वे सहित पुलिस टीम और साइबर सेल के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

अशासकीय शाला संघ की नई कार्यकारिणी गठित, राजकुमार चौवितकर बने



छिंदवाड़ा। शुक्रवार को के.डी. पब्लिक स्कूल, गीता नगर, गुलाबरा में अशासकीय शाला संघ, विकासखंड छिंदवाड़ा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विकासखंड की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर जिला अशासकीय शाला संघ की संपूर्ण जिला कार्यकारिणी तथा विकासखंड छिंदवाड़ा के बड़ी संख्या में विद्यालय संचालक उपस्थित रहे।बैठक की शुरुआत भारत माता एवं मां सरस्वती की वंदना-अर्चना के साथ हुई। इसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनके राष्ट्रसेवा और देश के प्रति योगदान का स्मरण किया गया।कार्यक्रम में सर्वसम्मति से राजकुमार चौवितकर को विकासखंड अध्यक्ष, श्रीमती ममता धामनकर को सभापति, डॉ. राजकुमारी सोनी को उपाध्यक्ष, गुलाब सिंह सनोडिया को सचिव तथा श्रीमती नलिनी गायकवाड़ को सह-सचिव का दायित्व सौंपा गया।इसी क्रम में श्रीमती मीना जैन कोषाध्यक्ष, आकाश सोनी मीडिया प्रभारी, पंकज विश्वकर्मा संगठन मंत्री, अनिल शुक्ला खेल प्रभारी, आकाश अल्डक सह-खेल प्रभारी, इंद्र उपाध्याय महिला प्रकोष्ठ प्रभारी, श्रीमती कीर्ति क्षेत्री सदस्यता प्रभारी, श्रीमती कीर्ति तामकार सोशल मीडिया प्रभारी तथा शीतल हरपाल को संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया।कार्यकारिणी के गठन के उपरांत जिला अध्यक्ष आंतनु दासगुप्ता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई। पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा रखते हुए अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करने तथा अशासकीय विद्यालय संचालकों के हितों में सक्रियता से कार्य करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला सचिव मनीष तिवारी ने नवीन कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, आपसी समन्वय और सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया।

पानी पर पंचायत में महिलाओं का हंगामा, सरपंच पर निकाली भड़ास

इकलेहरा / परासिया :- ग्राम पंचायत इकलेहरा करीब सालभर से विवादों के घेरे में है । यहां आए दिन किसी न किसी समस्या को लेकर जन प्रतिनिधि , ग्रामीण सरपंच , सचिव को घेरने का प्रयास करते हैं । जिससे जाहिर है , कि यहां पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा सामंजस्य बैठा कर काम नहीं किया जा रहा है । परिणाम स्वरुप बीते 15 दिनों से पंचायत में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच को लेकर भूख हड़ताल जारी है , तो वहीं शुक्रवार को पानी पर पंचायत में महिलाओं ने हंगामा कर सरपंच पर अपनी भड़ास निकाली ।बता दें , कि ग्राम पंचायत इकलेहरा में 10 से 15 दिनों के अंतराल में पानी सप्लाई हो रहा है । शुक्रवार को जब पानी सप्लाई होने के बाद लोगों को



पर्याप्त पानी नहीं मिला तो , लोग आक्रोशित हो गए । खास कर महिलाएं पानी को लेकर काफी नाराज नजर आई और बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायत कार्यालय पहुंची । पंचायत में मौजूद सरपंच से शिकायत की , लेकिन संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर महिलाएं भड़क गई और सरपंच को खरी खोटी सुनाना शुरू कर दिया । सरपंच किसी तरह पंचायत से निकली , पर क्या सरपंच के इस तरह निकल जाने से जवाबदेही पूरी हो जाती है ? पानी की समस्या हल हो जाएगी ? क्या ऐसी स्तिथि में जन आक्रोश और नहीं बढ़ेगा ?

एस्ट्रो विलेज के रूप में हुआ शुभारंभ, पर्यटकों का नया आकर्षण, आकाशगंगा का अद्भुत नजारा

शुक्र-ध्रुव तारे की रोशनी से जगमगाया पर्यटन ग्राम धूसावानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

चांदनी रात में चमकते शुक्र ग्रह, ध्रुव तारे और विशाल आकाशगंगा को देखने का अविस्मरणीय अनुभव अब छिंदवाड़ा जिले के पर्यटन ग्राम धूसावानी में सुलभ हो गया है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन और जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार की उपिस्थिति में यहां पर स्टार गेजिंग का शुभारंभ किया गया।

गुरूवार देर शाम से यहां अधिकारियों, ग्रामीणों ने चांद और सितारों से सजे आसमान में विभिन्न ग्रहों को देखा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की प्रोग्राम ऑफिसर ट्राइबल श्रीमती सरिता टुप्पो, प्रोग्राम मैनेजर एस्ट्रो श्री प्रदीप दीक्षित, स्टार गेजिंग इंडिया के एमडी श्री निशांत गौर, पर्यटन प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी, तहसीलदार श्री संजय मसराम, सतपुड़ा सेल्फ से श्री अजय खोबरे सहित गणमान्य नागरिक उपिस्थत थे। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा जनजातीय पर्यटन परियोजना के अंतर्गत चयनित पर्यटन ग्राम धूसावानी की नई पहचान अब एस्ट्रो विलेज के रूप में होगी। एस्ट्रो विलेज पर्यटन, विज्ञान और प्रकृति का अनूठा संगम है, जहाँ पर्यटक तेज प्रकाश, प्रदूषण से दूर स्वच्छ रात्रि आकाश में तारों, ग्रहों और आकाशगंगा के अद्भुत नजारे का अवलोकन एवं अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। एस्ट्रो विलेज के शुभारंभ अवसर यह विचार रखते हुए कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने ग्रामीणों को गांव में स्वच्छता बनाए रखने सहित कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार ने भी अपने विचार रखे। स्टार गेजिंग इंडिया के एमडी श्री निशांत गौर ने इस पूरी परियोजना की जानकारी अतिथियों व ग्रामीणों को दी।



25 युवाओं को ट्रेनिंग, मिलेगा रोजगार

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा चयनित पर्यटन ग्राम धूसावानी और धगड़िया के 25 युवक व युवतियों का चयन स्टार गेजिंग एक्टिविटी के लिए हुआ है। इन युवाओं को 90 दिनों की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिसमें उन्हें रात्रिकालीन आकाश, तारामंडलों और खगोलीय घटनाओं का ज्ञान व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद ये युवा कुशल एस्ट्रो गाइड के रूप में तैयार होंगे, जिससे उनके लिए स्थानीय स्तर पर ही रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

आधुनिक उपकरणों और अधोसंरचना का होगा विकास: पर्यटन ग्राम धूसावानी में पर्यटकों को तारों, ग्रहों एवं अन्य खगोलीय पिंडों के सुरक्षित, स्पष्ट एवं उत्कृष्ट अवलोकन का अनुभव कराने के लिए आधुनिक आधारभूत सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। वैज्ञानिक उपकरण के साथ गांवों में आधुनिक टेलिस्कोप, दूरबीन और एस्ट्रो-फोटोग्राफी कैमरे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पर्यटकों के लिए स्टार गेजिंग प्लेटफॉर्म, ऑब्जर्वेशन एरिया तथा खगोलीय घटनाओं को समझाने के लिए इंटरप्रिटेशन सेंटर का निर्माण किया जाएगा।

स्थापत्य विशेषज्ञों, पदाधिकारियों की बैठक में हुआ मंथन

मास्टर प्लानः हनुमान लोक जामसांवली धाम का बनेगा और भव्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

देश-प्रदेश के लाखों श्रद्धालुओं हनुमान भक्तों की आस्था के प्रमुख केंद्र चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान, 'हनुमान लोक' जामसांवली धाम को भविष्य में और अधिक भव्य, दिव्य एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।

प्रस्तावित भव्य गर्भगृह एवं पूरे मंदिर परिसर के समग्र मास्टर प्लान को लेकर मंदिर संस्थान की शुक्रवार को एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष



गोपाल शर्मा ने की,इस महत्वपूर्ण बैठक में मंदिर के भावी स्वरूप, प्रस्तावित निर्माण कार्यों, भारतीय वास्तु व स्थापत्य शैली के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में मंदिर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, सचिव टीकाराम कारोकर, नई दिल्ली से आईं आर्किटेक्ट व वास्तु सलाहकार श्रीमती संगीता वैश्य, नितिन बागानी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) वीरेंद्र भट्ट विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के तुरंत बाद आर्किटेक्ट व वास्तु विशेषज्ञों की टीम ने संस्थान के पदाधिकारियों के साथ पूरे हनुमान लोक परिसर का बारीकी से स्थल निरीक्षण किया।

इस दौरान वर्तमान व्यवस्थाओं, गर्भगृह के प्रस्तावित निर्माण स्थलों, सुरक्षा मानकों तथा भविष्य में त्यौहारों के समय बढ़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए आवागमन मार्ग और अन्य नागरिक सुविधाओं की संभावनाओं को परखा गया।

चर्चा के दौरान मंदिर अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि मास्टर प्लान में धाम की धार्मिक व आध्यात्मिक गरिमा तथा प्राकृतिक वातावरण को अक्षुण्ण रखते हुए श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व्यवस्था को अत्यंत सरल, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने का निर्णय लिया गया है।

मंदिर संस्थान के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि विकास का उद्देश्य केवल संरचनात्मक भव्यता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि यहाँ आने वाले हर भक्त को शांतिपूर्ण आध्यात्मिक वातावरण और बेहतर सेवा-सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

अवैध धंधों और पिपला में ग्रामीणों में फूटा आक्रोश, पुलिस चौकी में पहुंचकर दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपलानारायणवार



क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को पुलिस चौकी पहुंचकर विरोध जताया और पुलिस व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए। ग्रामीणों ने चौकी प्रभारी शिवपाल सरेआम को लिखित शिकायत पत्र सौंपकर चोरियों का जल्द खुलासा करने तथा गांव में अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद चोरों का सुराग न लगने से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने पुलिस चौकी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के बंद होने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीण स्वप्निल चौधरी और सागर येमदे,मधुकर गायकवाड़ ने बताया कि जब खुद पुलिस चौकी के कैमरे ही बंद पड़े हैं, तो संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर कैसे रखी जाएगी।ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गांव में रात्रि गश्त तुरंत बढ़ाई जाए गांव के कैमरों को दुरुस्त, गांव में चल रहे अवैध कारोबार को पूरी तरह बंद करने की माग की है।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने दिया धरना, टीईटी परीक्षा निरस्त



सौंसर। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को तहसील कार्यालय प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान अपनी लंबित मांगों को लेकर बड़ी संख्या में जुटे शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की तथा (एसडीएम) सौंसर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए शिक्षक प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रदेश के शिक्षक लंबे समय से अपनी वाजिब मांगों को लेकर संघर्षरत हैं, लेकिन शासन स्तर पर ध्यान न दिए जाने से असंतोष बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नाम सोपे ज्ञापन में टीईटी परीक्षा निरस्त हो: पूर्व से कार्यरत अध्यापकों व शिक्षकों पर थोपी जा रही पात्रता परीक्षा टीईटी को निरस्त किया जाए। आदि मागो का समावेश था।धरना कार्यक्रम में चंद्रशेखर सालबर्डे, प्रेमराज लांडे, दिनेश होल्कर, प्रभाकर डोंगरे, जुबैर अंसारी, रवींद्र घुगल, जयसिंह धुर्वे, साहेबू उईके, जयदेव उईके, अशोक वडस्कार आदि मौजूद रहे।



उमरेठ में मनाई गई महात्मा गांधी जयंती

उमरेठ। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उमरेठ द्वारा कांग्रेस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बड़ी बाजार स्थित गांधीजी के स्मारक पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई।इस अवसर पर वक्ताओं ने गांधीजी के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान तथा सत्य, अहिंसा, सद्भाव और स्वच्छता के विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यकर्ताओं ने गांधीजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मानक बेलवंशी, ब्लॉक सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ कादरी, चेतू बेलवंसी, हर्षित चौरसिया, टिंकू साहू, प्रदीप साहू, दिलीप बट्टी, रघु वानवंशी, सकरचंद बेलवंशी, गोविंद साहू, कमलनाथ साहू, दिनेश यादव सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

गांधी जयंती पर जिला सहकारी बैंक में स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न



छिंदवाड़ा। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, छिंदवाड़ा के प्रधान कार्यालय सहित जिले की समस्त शाखाओं में 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रधान कार्यालय में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर, कक्षों एवं शाखा परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छता की शपथ ली।इस अवसर पर महात्मा गांधी जी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने का संकल्प लिया गया। कर्मचारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।वहीं बैंक की कृषि शाखा परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।कार्यक्रम में बैंक के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

बापू व शास्त्री के चरणों में नतमस्तक हुये कांग्रेसजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व देश के द्वितीय प्रधानमंत्री श्री लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया में मनाई गई। बापू के बताये हुये सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलते हुये देश को विकास विरोधी ताकतों से आजाद कराने व शास्त्री जी के द्वारा भारतवर्ष को अत्याधुनिक कृषि प्रधान देश बनाने का सपना साकार करने का संकल्प कांग्रेसजन ने लिया। जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महात्मा गांधी पर के पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं बड़ी संख्या में आमजन ने सम्मिलित होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित की। सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश सेवा व जनसेवा का संकल्प लिया। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल राय ने स्वयं व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री माननीय कमलनाथ एवं माननीय नकुलनाथ जी की ओर से जिलेवासियों, कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं को महात्मा गांधी जी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनायें दी। उन्होंने आगे कहा कि महात्मा गांधी महज एक नाम नहीं बल्कि एक विचार है। अहिंसा महात्मा गांधी जी के दर्शन का मूल मंत्र रहा। जिसके बारे में उन्होंने कहा था, अहिंसा एक दर्शन है एक सिद्धांत है और एक अनुभव है जिसके आधार पर समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। राष्ट्रपिता कहना बड़ा आसान है किन्तु राष्ट्रपिता की छाप छोड़ना व राष्ट्रपिता की भांति कार्य करना संभव नहीं। आज देश में जिस विचारधारा की सरकार है, उसी विचारधारा ने महात्मा गांधी जी की हत्या की है। हम सभी मिलकर गांधी जी के बताये मार्ग पर चलेंगे और उनकी विचारधारा को आगे बढ़ायेंगे। कांग्रेस ने महात्मा गांधी जी की लाल बहादुर शास्त्री जी की छाया चित्र पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पति किये। बसंत मालवी ने कहा कि राष्ट्रपिता के साहस व दृढ़ता ने स्वतंत्रता दिलाई है। उन्होंने सत्य व अहिंसा को ही अपना सबकुछ माना है। उनके संघर्ष से एक सीख मिलती है कि संघर्ष जितना बड़ा होगा, जीत उतनी भी शानदार होगी, इसीलिये जनता के हित में संघर्ष को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है।

गांधी जयंती पर भमोड़ी में मेधावी विद्यार्थियों और खिलाड़ियों का सम्मान



परासिया। ग्राम पंचायत भमोड़ी में गांधी जयंती के अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान किया गया । बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 34 छात्र - छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए । वहीं खेलकूद गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन कर गांव का नाम रोशन करने वाले सात खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया । इस अवसर पर क्रेडिट सोसायटी अध्यक्ष मार्कण्डेय सूर्यवंशी ने उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए नेबुलाइजर उपकरण प्रदान किया ।कार्यक्रम को सचिव राजेश सेंगर , प्रधानाध्यापक नवीन विश्वकर्मा एवं मार्कण्डेय सूर्यवंशी ने संबोधित किया । वक्ताओं ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के देशहित में किए गए योगदान को याद किया ।इस अवसर पर जीआरएस इकबाल अहमद , पंचायत सदस्य सविता डेहरिया , संध्या रावतेल , माया विश्वकर्मा , पिंकी डेहरिया , सागर सूर्यवंशी , अंगद यादव , नितिन राय , मीना बावरिया , पुष्पा भारती , किरण वर्मा , सबीना नाज सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

सेवा सेतु अभियान अंतर्गत 4 अक्टूबर को वारासिवनी में मेगा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के दिशा निर्देशानुसार तथा कार्यालय कलेक्टर भू संसाधन प्रबंधन बालाघाट एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वारासिवनी द्वारा जारी आदेश के तहत सेवा सेतु अभियान अंतर्गत मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सूर्य प्रकाश ऊके द्वारा बताया गया कि सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार अंतर्गत मेगा शिविर का आयोजन 04 अक्टूबर 2026 रविवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक वार्ड क्रमांक 07 स्थित कृषि उपज मंडी परिसर वारासिवनी में किया गया है।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित कार्यवाही एक ही स्थान पर की जाएगी। शिविर के दौरान पात्र नागरिकों का योजनाओं एवं सेवाओं में पंजीयन, आवेदन, आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण तथा हितलाभ वितरण की कार्यवाही की जाएगी।

नगर के नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सहज एवं त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस मेगा शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों का निराकरण करेंगे।

नगर पालिका परिषद वारासिवनी द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में उपस्थित होकर शासन की विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करें तथा आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आएं।

दर्पण बिसेन ने पाया प्रथम स्थान, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगी प्रतिनिधित्व

सांदीपनि विद्यालय में विकासखंड स्तरीय भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



स्थानीय सांदीपनि शासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी में विकासखंड स्तरीय 'सेवा संकल्प अभियान' भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में केशव इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल वारासिवनी की कक्षा 12 वीं की छात्रा दर्पण बिसेन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं वारासिवनी विकासखंड का गौरव बढ़ाया।

दर्पण बिसेन ने अपनी प्रतिभा, ज्ञान एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। विकासखंड स्तर पर सफलता प्राप्त करने के बाद अब दर्पण बिसेन जिला स्तरीय प्रतियोगिता में वारासिवनी विकासखंड एवं अपने विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में किया जाएगा।

दर्पण की इस उपलब्धि पर ज्ञान विकास समिति अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, सचिव विजय तेलास्कर, उपाध्यक्ष संजय मन्धाता, सहसचिव शौर्य रूसिया, कोषाध्यक्ष तिलक पारधी एवं सभी सदस्यगण अजीत जैन, श्रीमती चेतना देवरस, मुकेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, डिलेन्द्र देशमुख, रविशंकर पटले ने उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने कहा कि विद्यालय में छात्रों के सर्वांगीण विकास की दृष्टि से और भी मंचीय कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों को अवसर प्रदान करने पर बल दिया। विद्यालय अधीक्षक जितेन्द्र टेम्भरे, प्राचार्य मयंक मिश्रा, शिक्षकगण एवं समस्त विद्यालय परिवार ने भी उन्हें बधाई दी। विद्यालय परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि दर्पण बिसेन आगामी प्रतियोगिता में भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी और विद्यालय का नाम रोशन करेंगी।

शास.उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में गांधी एवं शास्त्री की जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



शास. उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में गांधी एवं शास्त्री जयंती तथा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम स्काउट गाइड, रेडक्रास एवं एन.सी.सी.एवम स्टाफ के सभी शिक्षकों शिक्षिकाओं द्वारा प्राचार्य श्रीमती अनिता तारन कि उपस्थिति में हर्षोल्लास से मनाया गया।

सर्वप्रथम गांधी एवं शास्त्री जी के छाया चित्र में सभी ने पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की इसके पश्चात स्काउट मास्टर मकबूल मोहम्मद कुरेशी स्काउट गाइड प्रभारी घनश्याम रामटेके गाइडर वन्दना पटले के कुशल नेतृत्व में सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया जिसमें स्काउट गाइड, रेडक्रास तथा विद्यालय के सभी विधार्थियों कि सहभागिता रही। प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ एवं स्काउट गाइड काउन्सलर देवलाल राहंगडाले व पीटीआई सुरेंद्र चित्रीव कीउपस्थिति सराहनीय रही । गांधी एवं शास्त्री कि जीवनी पर प्रकाश डाला गया ।

स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर कि साफ सफाई एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के तहत रैली निकाली गई एवं स्वच्छता संबंधी नारे लगाए गये जैसे भोजन से पहले शौच के बाद _साबुन से धोएं अपने हाथ, घर घर गुंजे यह नारा -स्वच्छ रहे हर गांव हमारा,जन जन को समझाना है_हर गांव को स्वच्छ बनाना है ऐसे स्वच्छता अभियान संबंधी अनेक नारे स्काउट गाइड एन.सी.सी.एवम रेडक्रास द्वारा लगाए गए।

इस आयोजन के मंच संचालन शिक्षक तेजलाल मस्करे ने किया।इस आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य अनिता तारन स्काउट गाइड प्रभारी घनश्याम रामटेके स्काउट मास्टर मकबूल मोहम्मद कुरेशी गाइडर वन्दना पटले स्काउट निकलेश देशमुख काउन्सलर देवलाल राहंगडाले प्रभारी प्राचार्य धनराज पट्टावी एवं समस्त स्टाफ का सहयोग काबिले तारीफ रहा।इस कार्यक्रम में सभी को स्वल्पाहार वितरण किया गया अंत में स्काउट गाइड प्रार्थना गाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

भानेगांव में धूमधाम से मनाई गई महात्मा गांधी जयंती

दुर्गा चौक स्थित गांधी प्रतिमा को भव्य रूप से सजाकर किया गया माल्यार्पण, सरपंच राम ठाकरे ने ग्रामीणों को गांधी जी के विचारों से कराया परिचित; अहिंसा, स्वच्छता और स्वस्थ ग्राम बनाने का लिया सामूहिक संकल्प



हरिभूमि न्यूज लांजी। लांजी मुख्यालय अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भानेगांव में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाई गई। गांधी जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत भानेगांव द्वारा विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में भी उत्साह देखने को मिला। गांव के दुर्गा चौक स्थित दुर्गा मंदिर के सामने स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा को आकर्षक एवं भव्य रूप से सजाया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत के सरपंच राम ठाकरे के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत भानेगांव के सरपंच राम ठाकरे ने ग्रामीणों के साथ गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए उनके जीवन एवं आदर्शों को याद किया। वातावरण गांधी जी के विचारों और उनके द्वारा देश एवं समाज के लिए किए गए कार्यों की चर्चा से भावपूर्ण हो गया।

माल्यार्पण कार्यक्रम के पश्चात ग्राम पंचायत भानेगांव के सरपंच राम ठाकरे ने उपस्थित ग्रामीणों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं उनके जीवन संघर्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपने जीवन का मूल आधार बनाया। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया और समाज में समानता, भाईचारे, स्वच्छता तथा आपसी सद्भाव का संदेश दिया।सरपंच राम ठाकरे ने ग्रामीणों को बताया कि गांधी जी का मानना था कि देश की वास्तविक प्रगति गांवों के विकास से जुड़ी हुई है। गांव स्वच्छ, स्वस्थ और आत्मनिर्भर होंगे तो देश भी मजबूत बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि गांधी जी के विचारों को केवल जयंती के अवसर तक सीमित न रखते हुए उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाया जाए।

इस अवसर पर सरपंच राम ठाकरे ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और मानवता के प्रति उनका संदेश आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में समाज को आपसी मतभेदों को दूर कर भाईचारे एवं सद्भाव के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है।उन्होंने कहा कि गांधी जी ने हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने और कमजोर वर्गों के हितों की रक्षा करने पर जोर दिया। उनके विचारों को अपनाकर गांव में सामाजिक एकता और आपसी सहयोग को मजबूत किया जा सकता है।

जिला बौद्ध संघ बालाघाट की स्थापना दिवस पर बौद्ध उपासक उपासिकाओ को बधाई

जिला बौद्ध संघ बालाघाट का पंजीयन यथावत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालोघाट 3 अक्टूबर 1974 को बालाघाट जिले के प्रमुख समाजसेवी के द्वारा बुद्ध अम्बेडकर मिशन को जनमानस तक पहुंचाने हेतु स्थापित किया गया बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के द्वारा दूर सुदूर ग्रामीण अंचलों में समाज में बुद्ध धम्म के प्रति जागरूकता आई और बुद्ध अम्बेडकर मिशन का कारवां बढ़ता गया भोजराज वासनिक कार्याध्यक्ष जिला बौद्ध संघ बालाघाट ने बताया कि वर्ष 2012के दरम्यान संगठनों को खत्म करने के लिए तथाकथित लोगों ने राजनीतिक लाभ हेतु अपना अपना ग्रुप बनाकर चुनाव में उम्मीदवार उतारे गए किन्तु अधिवक्ता संजय खोबरागड़े किसी ग्रुप से ताल्लुक़ न रख वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए उम्मीदवार थे वरिष्ठ उपाध्यक्ष के उम्मीदवार होने और आपसी रजामंदी से सभी पदों पर मनोनयन हुआ किन्तु तथाकथित लोगों ने अधिवक्ता संजय खोबरागड़े को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर आपत्ति प्रस्तुत की किन्तु मंसूबे पूरे नहीं हुए अंततः अधिवक्ता संजय खोबरागड़े जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। तत्कालीन अध्यक्ष जी पी हुमनेकर ने वर्ष 2012 से 2019तक रहे उनके कार्यकाल से समाज के लोग अवगत है अधिवक्ता संजय खोबरागड़े को तहसील कटंगी और तिरोड़ी की जिम्मेदारी व जवाबदारी दी गई 2 तहसील अध्यक्ष के साथ मिलकर उल्लेखनीय कार्य किए

अंतत अधिवक्ता संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ के द्वारा संस्था का ऑडिट व पंजीयन शुल्क वर्ष 2012से वर्ष 2026तक शुल्क अदा करते चले आ रहे है भोजराज वासनिक जी ने बताया की जो सामाजिक धार्मिक बैठकों को आहूत कर दोनों पक्षों से मोटी रकम लेकर अपना स्वार्थ सिद्धि करने वाले के द्धारा विगत वर्षों में अस्थाई समिति का निर्माण कर 7लोगो ने फर्जी तरीके से एक ही संगठन के नाम से अपनी नई दुकान खोले जब समाज ने उन्हें तव्वजो नहीं दिया संदेश भिजवाया गया कि अधिवक्ता संजय खोबरागड़े जी अपने पद से त्याग पत्र देंगे तो हम संगठन का विलय कर देंगे अधिवक्ता संजय खोबरागड़े को संदेश दिया जाने पर संदेश प्राप्त होते ही अपना त्याग पत्र मुझे सौंपा गया और दूसरे पक्ष ने भी सम्पूर्ण कार्यकारणी को भंग कर19जून 2026को त्याग पत्र दिया अधिवक्ता संजय खोबरागड़े ने अपना त्याग पत्र मुझे सौंपा और सचिन मेश्राम ने अपना त्यागपत्र के साथ साथ सम्पूर्ण कार्यकारिणी को भंग किया समाज में अच्छा संदेश गया किन्तु जिन्होंने संगठनों को तोड़ने और संगठन के नाम से धनराशि अर्जित करने का माध्यम बनाया उन्होंने अपनी गतिविधियों पर विराम नहीं लगाया आखिर बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट को तोड़ने की मंशा बनाए रखा भोजराज वासनिक जी ने समाज से आव्हान किया कि पद प्रतिष्ठा और 10 मिनट के भाषण के लिए संगठन को तोड़ने वालो से दुरिया बनाए साथ ही साथ ऐसे तथाकथित लोग जिन्होंने बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट को तोड़ने व संगठन को तहस नहस करने की मंशा बनाए रखें है उनके मंसूबे पूरे न होने दे भोजराज वासनिक जी ने समाज के लोगों को अवगत कराते हुए बताया की आगामी समय में बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट का विधिवत रूप से चुनाव होगा और नए अध्यक्ष को नियुक्त कर उन्हें कार्यभार सौंपा जाएगा तथा वर्ष 2012से वर्ष 2026तक की जमा राशि व आडिट से सभी को अवगत कराया जाएगा।

खबर संक्षेप

थांवरी में दो फड़ पर दबिश, 11 जुआरी गिरफ्तार, 18,560 रुपये नगद जप्त

हरिभूमि न्यूज सिवनी। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस घंसौर सुश्री रीना पाण्डे के मार्गदर्शन में थाना धनौरा पुलिस द्वारा जुआरियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। दिनांक 01/10/2026 को थाना धनौरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम थांवरीकला में कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर दो अलग-अलग फड़ लगाकर हार-जीत का दांव लगाकर ताश पत्तों से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर जुआरी भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पहले फड़ से 05 आरोपियों को ताश पत्तों पर जुआ खेलते पकड़ा गया, जिनके पास से 8,240/- रुपये नगद एवं ताश के पत्ते जप्त किए गए। दूसरे फड़ से 06 आरोपियों को जुआ खेलते पकड़ा गया, जिनके पास से 10,320/- रुपये नगद एवं ताश के पत्ते जप्त किए गए। इस प्रकार कुल 11 आरोपियों से कुल 18,560 रुपये नगद एवं ताश के पत्ते जप्त कर उनके विरुद्ध थाना धनौरा में अपराध क्रमांक 246/2026, 247/2026 धारा 13 पब्लिक गैंबलिंग एक्ट एवं धारा 112(2) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हिंदी अध्यापन की कोई सीमा नहीं है संयुक्ता

हरिभूमि न्यूज सिवनी। हिंदी एक ऐसा विषय है जिसके अनेक आयाम है और इसमें अध्यापन के लिए कोई सीमा नहीं है लेकिन हमें इस बात का ध्यान रखना है कि हम बच्चों को किस तरह से हिंदी पढ़ाई जाए जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके उक्ताशाय की बात एडीपीसी संयुक्त उईके ने व्यक्ति की, इस अवसर पर एपीसी सी संजीव राय भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के अरविंद श्रीवास्तव शासकीय हायर सेकेंडरी साल बमहोरी बरघाट के शिव नारायण चौधरी, चिमनाखरी बरघाट के जागेश्वर रांहगडाले के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सिवनी बरघाट केवलारी से आए हुए शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया तब भी की समग्र शिक्षा अभियान के तहत यह प्रशिक्षण राज्य शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है शासन की मनसा है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षक अपने अध्यापन का शपथ प्रतिशत बच्चों को दें जिससे वे न केवल अपना परिणाम सुधार सके बल्कि उनके अध्यापन कार्य में गुणवत्ता आ सके।

अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को सीनियर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास क्रमांक-1, बींझावाड़ा, सिवनी में अस्पृश्यता निवारणार्थ सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामाजिक समरसता, सद्भाव एवं अस्पृश्यता जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन का संदेश दिया गया। शिविर में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से अस्पृश्यता एवं सामाजिक भेदभाव जैसी कुरीतियों के विरुद्ध जागरूकता का संदेश दिया गया।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने धरना देकर सौंपा ज्ञापनः विभिन्न स्थानीय समस्याओं को लेकर उठाई आवाज, मांगों का निराकरण नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं जनहित के मुद्दों को लेकर 1 अक्टूबर को केवलारी के चांदनी चौक में धरना-प्रदर्शन किया। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने दिनभर धरना देकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, जनजातीय कार्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर आगामी दिनों में बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी।

धरना प्रदर्शन का नेतृत्व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय सचिव महतलाल बरकड़े, पूर्व विधायक रामगुलाम उइके एवं जिलाध्यक्ष गंगाराम मरावी ने किया।

पुलिया निर्माण की मांग

ज्ञापन में कहा गया कि केवलारी अनुभाग के गुरेरा (ढुटी कैंप) क्षेत्र में लंबे समय से पुलिया निर्माण की मांग की जा रही है। पार्टी के अनुसार यह क्षेत्र पर्यटन एवं आदिवासी आबादी से जुड़ा होने के साथ बालाघाट जिले की सीमा से लगा हुआ है। यहां स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी होती है। पार्टी ने ढुटी कैंप से गुरेरा को जोड़ने के लिए पुलिया अथवा रपटा निर्माण की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा अब तक इस मांग पर अपेक्षित पहल नहीं की गई। पार्टी ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर ढुटी बांध से बालाघाट की ओर जाने वाले पानी को रोकने जैसा आंदोलनात्मक कदम उठाया जा सकता है।

बेदखली आदेश पर कार्रवाई की मांग

ग्राम पंचायत ग्वारी में खसरा नंबर 219, 223/1 एवं 227 के संबंध में 8 सितंबर 2026 को नायब तहसीलदार द्वारा बेदखली आदेश जारी किए जाने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि आदेश के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं हुई है। तत्काल बेदखली कार्रवाई कर स्थिति से अवगत कराने की मांग की गई।

कई सड़कों के निर्माण की मांग



गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने स्वतंत्रता के 80 वर्ष बाद भी कई ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधा नहीं होने का मुद्दा उठाया। ज्ञापन में मोहगांव से खापा, भोरगोंदी से चरगांव, खापा से घुड़सार, अहरवाड़ा से पाटन, मोहगांव से रामखेरी, कोहका से डुंगारिया तथा चांदनखेड़ा से छींदा पीडब्ल्यूडी मार्ग तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की मांग की गई। इसके अलावा बन्देली से छींदा तक जर्जर हो चुके लोक निर्माण विभाग के मार्ग का तत्काल निर्माण कराने की मांग भी की गई। पार्टी का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति के कारण आवागमन प्रभावित होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है।

रैन बसेरा और सिंचाई व्यवस्था का मुद्दा

केवलारी में निर्माणाधीन आदिवासी रैन बसेरा के अधूरे कार्य को नगर परिषद के माध्यम से शीघ्र पूरा कराने की मांग की गई।

ज्ञापन में संजय सरोवर परियोजना भीमगढ़ बांध से संचालित एलबीसी-आरबीसी नहरों एवं नहर तंत्र की जर्जर स्थिति का भी उल्लेख किया गया। पार्टी ने नहरों के सीमेंटीकरण तथा समय से पूर्व साफ-सफाई कराने की मांग की, ताकि किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी पहुंच सके।

बस स्टैंड की शराब दुकान हटाने की मांग

पार्टी ने केवलारी बस स्टैंड में संचालित शराब दुकान को सार्वजनिक आवागमन क्षेत्र से हटाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि बस स्टैंड पर आने-जाने वाली महिलाओं एवं बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार छींदा गांव के भीतर संचालित शराब दुकान को भी गांव से बाहर स्थानांतरित करने की मांग की गई।

आदिवासी गांवों में सड़क सुविधा का मुद्दा

छुई से कोपीझोला, पीपलदौन, हिर्रीटोला एवं पंड्रापानी सहित आदिवासी ग्रामों को सड़क सुविधा से जोड़ने की मांग भी ज्ञापन में रखी गई। पार्टी ने बताया कि इन क्षेत्रों के विकास के लिए जनमन योजना के तहत मांग की गई थी तथा वन विभाग द्वारा एनओसी संबंधी आश्वासन दिए जाने की बात कही गई थी, लेकिन अभी तक सड़क स्वीकृत नहीं होने का आरोप लगाया गया।

भोरघोंदी पुलिया निर्माण की जांच की मांग

भोरघोंदी पुलिया निर्माण कार्य में निर्माण स्थल से निकली रेत के उपयोग का आरोप लगाते हुए पार्टी ने इसकी गुणवत्ता की जांच कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि कथित रूप से शील्ट्युक्त एवं अमानक रेत का उपयोग किया गया है। पार्टी ने मामले की जांच कर संबंधित इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई नहीं होने पर मंडला सांसद का पुतला दहन करने की चेतावनी भी दी गई।

धरना-प्रदर्शन के दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि ज्ञापन में उठाए गए मुद्दे क्षेत्र के ग्रामीणों, आदिवासी समाज एवं किसानों से जुड़े हैं। मांगों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलन को आगे बढ़ाने की बात कही गई।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र उइके, जिला प्रवक्ता रावन शाह उइके, जिला उपाध्यक्ष मेहरु सिंह मर्सकोले, युवा अध्यक्ष सेमसिंह उइके, ब्लॉक कोषाध्यक्ष भजन मर्सकोले, उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह बघेल, सचिव देवेंद्र राय, खजानसिंह सहित बड़ी संख्या में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खुर्सरा रेत घाट में कार्रवाई के बाद मशीन को थाने ले जाने के बजाय ठेकेदार तक पहुंचाने के आरोप से खनिज विभाग की कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।





खुर्सरा रेत घाट क्षेत्र में हीर्री नदी के समीप रात के समय जेसीबी मशीन मिलने और उसके बाद हुई कार्रवाई को लेकर अब खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची माइनिंग इंस्पेक्टर श्रीमती परते द्वारा मशीन की मौजूदगी को लेकर पंचनामा तैयार किया गया। लेकिन आरोप है कि कार्रवाई के अगले चरण में मशीन को पुलिस थाने अथवा विभागीय अभिरक्षा में रखने के बजाय रेत ठेकेदार राजेश पाठक तक पहुंचा दिया गया। यही बिंदु अब पूरे मामले का सबसे बड़ा सवाल बनकर सामने आया है।

रात 7:48 बजे नदी के बाहर मिली जेसीबी संबंधित अधिकारी द्वारा तैयार पंचनामा में दर्ज जानकारी के अनुसार 30 सितंबर 2026 को रात 7 बजकर 48 मिनट पर ग्राम पंचायत क्षेत्र में नदी के बाहर कच्चे रास्ते पर एक जेसीबी मशीन क्रमांक एमपी-20 बीए-3134 खड़ी मिली। पंचनामा में मशीन के ऑपरेटर द्वारा उसे बंद कर मौके से चले जाने तथा मशीन के चारों ओर से बंद होने का उल्लेख किया गया है।

पंचनामा में मौके पर खनिज रेत के भंडारण पाए जाने की बात भी दर्ज है। ग्रामीणों ने यह सवाल उठाया कि यदि संबंधित रेत खदान उस समय संचालित नहीं थी, तो नदी क्षेत्र के समीप जेसीबी मशीन किस उद्देश्य से पहुंची थी। ग्रामीणों ने रेत खनन की आशंका भी जताई। सबसे बड़ा सवाल—जब पंचनामा बना तो मशीन गई कहां? मामले में स्थानीय नेता एवं अधिवक्ता अंकित जैतवार ने खनिज विभाग की कार्रवाई पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा है कि यदि मौके पर मशीन संदिग्ध परिस्थितियों में मिली और पंचनामा तैयार किया गया, तो उसके बाद मशीन को विभागीय कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई क्यों नहीं की गई? जैतवार ने आरोप लगाया कि मशीन को थाने ले जाने के बजाय ठेकेदार राजेश पाठक तक पहुंचाया गया। उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया को संदेहास्पद बताते हुए माइनिंग इंस्पेक्टर श्रीमती परते के विरुद्ध जांच एवं कार्रवाई की मांग जिला प्रशासन से की है। उनका कहना है कि पूरे मामले में यह स्पष्ट होना चाहिए कि जेसीबी किसके निर्देश पर मौके से हटाई गई, उसे किसके सुपुर्द किया गया और पंचनामा तैयार होने के बाद विभाग ने आगे कौन-सी वैधानिक प्रक्रिया अपनाई।

खनिज विभाग की कार्रवाई पर अब जवाब जरूरी

मामले में सवाल केवल जेसीबी मिलने तक सीमित नहीं है। असल सवाल यह है कि पंचनामा में दर्ज परिस्थितियों के बाद विभाग ने मशीन के संबंध में क्या कार्रवाई की? यदि मशीन जब्ती योग्य थी तो उसे विभागीय अभिरक्षा में क्यों नहीं रखा गया? और यदि मशीन को छोड़ना अथवा ठेकेदार को सौंपना नियमानुसार था, तो इसकी प्रक्रिया क्या रही? इन सवालों का जवाब सामने आने के बाद ही कार्रवाई की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। इस मामले में खनिज विभाग/माइनिंग इंस्पेक्टर श्रीमती परते का आधिकारिक पक्ष प्राप्त किया जाना शेष है। विभाग से यह स्पष्ट किया जाना अपेक्षित है कि जेसीबी मशीन को मौके से किस प्रक्रिया के तहत हटाया गया, क्या मशीन जब्त की गई थी अथवा नहीं, तथा यदि मशीन ठेकेदार को सुपुर्द की गई तो उसका आधार क्या था। विभाग का पक्ष प्राप्त होने पर उसे समाचार में प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

कलेक्टर से निष्पक्ष जांच की मांग

अधिवक्ता अंकित जैतवार ने जिला कलेक्टर से मामले का तत्काल संज्ञान लेकर पंचनामा, मौके की स्थिति, जेसीबी मशीन की कार्रवाई और उसके बाद मशीन को सौंपे जाने की पूरी प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की है।

अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या संज्ञान लेता है और खनिज विभाग पंचनामा में दर्ज तथ्यों तथा जेसीबी को लेकर उठ रहे सवालों पर क्या स्पष्टीकरण देता है। फिलहाल पंचनामा मौजूद है, सवाल सामने हैं और जवाब का इंतजार है।

शटर के दो ताले काटे, 31 मोबाइल और 78 हजार की नगदी ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला मुख्यालय के व्यस्त बारापत्थर-बाहुबली चौक से पॉलिटेक्निक कॉलेज रोड पर स्थित जिला अस्पताल कॉम्प्लेक्स में चोरों ने मोबाइल दुकान को निशाना बनाते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोर राज मोबाइल शॉप के शटर के दोनों ताले काटकर दुकान में दाखिल हुए और 31 मोबाइल फोन सहित 78 हजार रुपये की नगदी चोरी कर फरार हो गए। घटना सामने आने के बाद क्षेत्र के दुकानदारों में भी नाराजगी देखने को मिली। दुकान संचालक दीपक राठौर के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 6 बजे समीप की दुकान के संचालक ने फोन कर दुकान में चोरी होने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे तो दुकान के शटर के दोनों ताले टूटे मिले। दुकान के अंदर सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और जांच करने पर बड़ी मात्रा में मोबाइल फोन तथा नगदी गायब मिली।

10 एंड्रॉयड, ग्राहकों के 12 मोबाइल और 9 कीपैड फोन गायब

दुकान संचालक के मुताबिक चोर 10 एंड्रॉयड मोबाइल, ग्राहकों द्वारा सुधारने के लिए दिए गए 12 मोबाइल और 9 कीपैड मोबाइल चोरी कर ले गए। इसके अलावा दुकान में रखी करीब 78 हजार रुपये की नगदी भी चोरों के हाथ लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी शटर खुला छोड़कर मौके से फरार हो गए।

चोरी की जानकारी सुबह दुकान खुलने के समय सामने आई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुकान के आसपास की परिस्थितियों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच शुरू कर दी है। वारदात के संबंध में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

व्यस्त इलाके में चोरी से उठे रात्रि गश्त पर सवाल

बारहपत्थर-बाहुबली चौक क्षेत्र शहर के व्यस्त व्यावसायिक इलाकों में शामिल है। ऐसे क्षेत्र में मोबाइल दुकान के शटर के ताले काटकर चोरी की घटना सामने आने के बाद व्यापारियों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाने और प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। चोरी में शामिल आरोपियों की पहचान और वारदात से जुड़े अन्य तथ्यों का खुलासा पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा।

एसडीओपी मीना पांडे शर्मा ने किया धनौरा थाना का औचक निरीक्षण



घंसौर। अनुविभाग की एसडीओपी श्रीमती मीना पांडे शर्मा ने धनोरा थाना का औचक निरीक्षण कर थाना परिसर एवं पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी मनीष से विभिन्न मामलों एवं पुलिसिंग से संबंधित जानकारी ली।

एसडीओपी ने थाने में दर्ज एवं निगरानी में रखे गए गुंडा-बदमाशों की जानकारी, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की स्थिति सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने लंबित शिकायतों एवं प्रकरणों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इसके बाद उन्होंने आपातकालीन परिस्थितियों में उपयोग के लिए 112 वाहन में रखी गई आवश्यक सामग्री एवं उपकरणों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आपात स्थिति में इन संसाधनों के उचित एवं प्रभावी उपयोग के संबंध में जानकारी दी। निरीक्षण के पश्चात सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एसडीओपी मीना पांडे शर्मा ने थाना परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। इस दौरान थाना प्रभारी मनीष सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार पलारी के रक्तदान शिविर में 100 यूनिट रक्त संग्रहित, युवा बने रक्तवीर

पलारी/केवलारी। 1 अक्टूबर 2026 विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर गायत्री परिवार पलारी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में सेवा, समर्पण और निःस्वार्थ भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। युवा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित इस चौथे रक्तदान शिविर में कुल 100 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। युवाओं ने उत्साह के साथ रक्तदान कर मानवता की सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12.30 बजे माँ गायत्री एवं गुरुसत्ता के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। पूजन मुख्य अतिथि पलारी चिकित्सालय के डॉ. सृजन साहू, डॉ. बाबूराव चौहान एवं पलारी की प्रथम नागरिक सरपंच श्रीमती नीतू उदय ठाकुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. चौहान ने सभी रक्तदाताओं का स्वागत करते हुए गायत्री परिवार के इस सेवा कार्य की सराहना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सृजन साहू, जिनका आज जन्मदिन भी था, ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान सीधे ईश्वर की आराधना है, जहाँ निःस्वार्थ भाव से किया गया दान पीड़ित मानवता के लिए जीवनदान बनता है और नर सेवा ही नारायण सेवा है। उन्होंने अपनी हालिया सफलता एनईईटी-पीजी एयर में एयर 797 प्राप्त करने के पीछे कर्म, अनुशासन और ईश्वर कृपा को आधार बताया। हनुमान जी एवं श्रीराम के प्रेरक संवाद से उन्होंने युवाओं को अभिभूत कर दिया। डॉ. साहू



ने अपने जन्मदिन पर स्वयं रक्तदान कर अन्य युवाओं को भी प्रेरित किया। इस अवसर पर उनकी माता श्रीमती अनुसुइया साहू ने जन्मदिवस प्रेरणा गीत गाकर पूरे वातावरण को भावपूर्ण और सुरम्य बना दिया तथा गीत के माध्यम से पुत्र को शुभाशीष प्रदान किया। गायत्री परिवार पलारी का यह चौथा रक्तदान शिविर अत्यंत सफल रहा। पहले 2 घंटों में ही 50 यूनिट रक्त संग्रहित हो गया था और अगले 2 घंटों में 50 यूनिट और संग्रहित कर 100 यूनिट के सम्मानजनक लक्ष्य को प्राप्त किया गया। पलारी नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं ने अपने व्यस्त समय में से समय निकालकर शिविर में पहुँचकर रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को ओआरएस, पौष्टिक आहार, चाय एवं अल्पाहार कराया गया तथा सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र एवं फोटो भेंट कर धन्यवाद के साथ विदा किया गया।

इस वर्ष की विशेष उपलब्धि यह रही कि सभी रक्तदाताओं की ऑनलाइन डोनर आईडी भी बनाई गई, जो भविष्य में आवश्यकता पडने पर उन्हें अनेक लाभ प्रदान करेगी। इस शिविर की सफलता के पीछे कार्यक्रम प्रभारी शिवचरण ठाकुर, तुलसीराम (गज्जू) ठाकुर, शिवकुमार विश्वकर्मा एवं घनश्याम ठाकुर का अथक परिश्रम एवं समर्पण रहा।

मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुरेन्द्र छोटू साहू के कुशल मार्गदर्शन एवं टीम प्रबंधन ने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित बनाए रखा। कार्यक्रम के अंत में रक्त संग्रह टीम सिवनी के प्रभारी श्री संतोष डेहरिया जी एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया गया तथा 100 यूनिट रक्त संग्रह की सफलता पर सभी को बधाई दी गई। इस अवसर पर केवलारी से श्रीमती अनुसुइया साहू, श्रीमती अर्चना साहू, श्रीमती गीता नरवरे, ट्रष्टि श्री गणेश लाल झारिया, श्री जितेन्द्र क्षीरसागर, श्री घनश्याम साहू, गज्जू पटले, गजेश पटले, चिम्मन लाल वरकड़े, श्री आशीष अवधवाल, श्री मुकेश साहू, श्री उदय ठाकुर, घंसौर से श्री राजेश ठाकुर, श्री ओमकार ठाकुर, श्री माधव ठाकुर, पत्रकार श्री संतोष ठाकुर, श्रीमती निधि ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

अग्रसेन भवन में रक्तदान शिविर आज, दोपहर में संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ

8 से शुरू होंगे महाराज श्री अग्रसेन का जन्मोत्सव के 4 दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज सिवनी। अग्रकुल प्रवर्तक श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन जी का 5180वां जन्मोत्सव से जुड़े कार्यक्रम जबलपुर रोड लूघरवाड़ा के अग्रोहाधाम श्री अग्रसेन भवन में शनिवार से प्रारंभ हो जाएंगे। मानव सेवा संकल्प को आगे बढ़ाते हुए 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से विशाल रक्तदान शिविर होगा, जिसमें सामाजिकजनों द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान किया जाएगा। रक्तदान शिविर शाम तक जारी रहेगा। जबकि संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ दोपहर 3 बजे होगा। इसी दिन सुबह 6:30 बजे से सात दिवसीय निःशुल्क योग शिविर प्रारंभ होगा, जो 9 अक्टूबर तक अग्रवाल धर्मशाला दुर्गा चौक में प्रतिदिन नियमित रूप से संचालित होगा। महाराजश्री के जन्मोत्सव से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुभारंभ 8 अक्टूबर को ध्वजारोहण से होगा, जो 11 अक्टूबर तक जारी रहेंगे। सिवनी अग्रवाल समाज समिति द्वारा भव्यता के साथ नवरात्रि प्रतिपदा पर महाराज श्री अग्रसेन का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। पांच दिवसीय सांस्कृतिक, धार्मिक व मनोरंजक कार्यक्रमों में सामाजिकजनों की सहभागिता रहेगा।

महिलाओं, बच्चों के होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम



8 अक्टूबर को ध्वजारोहण के बाद शाम 7 बजे से समाज के पांच महिला मंचों की प्रस्तुति होगी। जिसमें अग्रोहा सखी मंच, माधवी मंच, प्रगति महिला मंच, अग्रसेन महिला एकता मंच, अग्रनारी शक्ति मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। साथ ही मैरिज ग्रुप और बैचलर ग्रुप में बालीवुड जोड़ी प्रस्तुति होगी। मेरा संदेश समाज के नाम एक्ट प्रस्तुति और हास्य कवि सम्मेलन में कलाकार अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। 9 व 10 अक्टूबर को बच्चों, महिला-पुरूषों व युवाओं के सांस्कृतिक व मनोरंजक कार्यक्रम होंगे। अग्रवाल समाज समिति के प्रवक्ता श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि 11 अक्टूबर को सुबह 10 बजे गंगानगर से भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए लूघरवाड़ा श्री अग्रसेन भवन पहुंचेगी। मुख्य समारोह से पहले सामाजिकजनों की उपस्थिति में श्री अग्रसेन महाराज का हवन-पूजन व महाआरती होगी। दोपहर 1 बजे से मंचीय समारोह में अतिथियों का स्वागत, परिचय और उद्बोधन होगा। दोपहर 2 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विजेता प्रतिभागियों व समाज के मेघावी छात्रों को पारितोषिक अतिथियों द्वारा वितरित किए जाएंगे। शाम 5 बजे अग्रवाल धर्मशाला दुर्गा चौक से परंपरा अनुसार गाजे-बाजे के साथ महाराज श्री की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो पूरे नगर का भ्रमण करेगी। अग्रवाल समाज समिति ने सभी अग्रबंधुओं से कार्यक्रमों में सपरिवार उपस्थित होकर सामाजिक एकता का परिचय देने का आग्रह किया है।

गांधी जयंती के अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

02 अक्टूबर 2026 से सेवा संकल्प अभियान एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद सिवनी द्वारा नगरीय क्षेत्र के गांधी मंच शुक्रवारी में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रायवेट बस स्टैण्ड में स्वच्छता अभियान चलाया गया साथ ही दलसागर तालाब ज्वारे विसर्जन घाट में साफ-सफाई की गई एवं सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा गांधी मंच शुक्रवारी में दीप प्रज्वलित कर महात्मा गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। तदोपरांत सर्वधर्म सभा में पधारे सिवनी नगर के सभी धर्मों के धर्मगुरू सर्व पास्कल अनिल रामा स्वामी, राजेन्द्र प्रसाद पाण्डे, आशीष तिवारी, अनीस खान शहर काजी, सुबोध बाझल, ज्ञानी का स्वागत पुष्पमाल पहनाकर शॉल श्रीफल भेंट कर कार्यक्रम के अतिथियों श्रीमति मीना बिसेन, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया नगर पालिका अध्यक्ष, श्रीमति डॉली अमित डागौर उपाध्यक्ष नपा, निकाय के पार्षदगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुश्री दिशा डेहरिया के द्वारा किया गया। तदोपरांत सभी धर्मगुरूओ द्वारा गांधी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा बताए गये मार्गो पर चलने की समझाईश दी जाकर संबोधन में अपने-अपने धर्म का उपदेश दिया गया।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

सेवा ही संकल्प अभियानः भाजपा ने जिले भर में मनाया 'स्वच्छता ही सेवा' संकल्प

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'सेवा ही संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'सेवा ही मेरा योगदान' कार्यक्रम की कड़ी में संपूर्ण जिले में 'स्वच्छता ही सेवा' संकल्प का वृहद आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा व तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने व्यापक स्वच्छता अभियान चलाकर समाज को स्वच्छता और सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आम जनता, स्वयंसेवी संगठनों और पार्टी कार्यकर्ताओं का सराहनीय और सक्रिय योगदान रहा।



स्वच्छता हमारे जीवन का हिस्साः रामकिशोर कांवरे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम जनसेवा, समर्पण और निस्वार्थ नेतृत्व के 25 वर्षों के अथक परिश्रम को आगे बढ़ाना ही इस अभियान का मुख्य ध्येय है। भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने आयोजन पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री ने देश में सेवा और स्वच्छता को एक राष्ट्रीय जन-आंदोलन का रूप दिया है। 'सेवा ही संकल्प' अभियान के माध्यम से भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचकर सेवा भाव को चरितार्थ कर रहा है। प्रेरणापुंज महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के आदर्शों पर चलते हुए स्वच्छता को अपने दैनंदिन जीवन का हिस्सा बनाना ही राष्ट्र निर्माण में हमारा सच्चा योगदान होगा।

सहज कार्यशैली और सामाजिक दायित्व : हेमेन्द्र क्षीरसागर

वहीं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं 'स्वच्छता ही सेवा' के जिला प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारे जीवन की सहज कार्यशैली और सामाजिक दायित्व होना चाहिए। जिसे आमजन मानस के अमूल्य सहयोग से भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता आत्मसात कर रहा है। इस अभियान में जनता जनार्दन, जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों और सामाजिक संगठनों ने भी बढ़-चढ़कर अपना अमूल्य योगदान दिया।

एक व्यापक जन-आंदोलन : जितेन्द्र चौधरी

भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी जितेन्द्र जित्तु चौधरी ने आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा, जिले के प्रत्येक मंडल, शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह और निष्ठा के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई। सार्वजनिक स्थलों, मंदिर परिसरों, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों की सफाई कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सभी सहयोगी जनों और सहभागियों का अनंत आभार। जिससे यह कार्यक्रम एक व्यापक जन-आंदोलन के रूप में सफल हुआ।

नेता प्रतिपक्ष की सहजता से बालाघाट में चर्चा जोरों पर

काफिला रोककर राहुल गांधी ने स्वीकार किया गुलाब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बालाघाट जिले के आदिवासी क्षेत्र बैहर विधानसभा दौरे के दौरान उनकी सहजता और आम लोगों के प्रति आत्मीयता का एक भावुक कर देने वाला दृश्य सामने आया।

आदिवासी परिवारों से मुलाकात और कार्यक्रमों के बाद जब राहुल गांधी बालाघाट होते हुए वापसी के लिए जा रहे थे, तभी खुरसोडी गांव के समीप 42 वर्षीय बालाघाट की बेटी रश्मि तांडी की इच्छा हुई कि वह राहुल गांधी से मिलकर उन्हें गुलाब का फूल भेंट करे।

रश्मि ने अपनी यह इच्छा असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जय कृष्णा डिगरू से साझा की। जय कृष्णा डिगरू ने बताया कि यह राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, लेकिन यदि रश्मि की इच्छा है तो वह सड़क किनारे हमारे साथ खड़े होकर प्रयास कर सकती है।

इसके बाद रश्मि पूरे आत्मविश्वास के साथ सड़क किनारे हाथ में गुलाब का फूल लेकर खड़ी हो गई। राहुल गांधी के काफिले के गुजरने के दौरान वह "राहुल गांधी जिंदाबाद" और "भारत माता की जय" के नारे लगाती रही।इसी दौरान राहुल गांधी की नजर सड़क किनारे खड़ी रश्मि पर पड़ी। उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और रश्मि से मुलाकात की। रश्मि ने उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया और राहुल गांधी ने भी सहजता से उसका अभिवादन स्वीकार करते हुए उससे हाथ मिलाया। महज कुछ क्षणों



की यह मुलाकात रश्मि के लिए जिंदगी भर याद रहने वाला पल बन गई। जिस नेता से मिलने की इच्छा उसने मन में संजोई थी, उसी नेता ने उसके लिए अपना काफिला रुकवाकर उसे मिलने का अवसर दिया। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि बड़े राजनीतिक पद पर होने के बावजूद आम लोगों से सहजता और आत्मीयता से मिलना किसी भी जनप्रतिनिधि के व्यक्तित्व की महत्वपूर्ण पहचान हो सकती है। रश्मि के लिए वह गुलाब केवल एक फूल नहीं, बल्कि उसके जीवन की एक यादगार मुलाकात बन गया।

आंगन मिलन कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों के कल्याण पर दिया जोर

बालाघाट। परियोजना लालबर्रा अंतर्गत सेक्टर कंजई के आंगनबाड़ी केंद्र कंजई क्रमांक-2 एवं आंगनबाड़ी केंद्र टेंगनीखुर्द क्रमांक-1 में आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द की सरपंच श्रीमती अनीता राणा, श्री प्रसन्न अवधिया, श्रीमती शोभा सोनी सहित आंगनवाड़ी केंद्रों के हितग्राही, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राही, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमती रानू शिवहरे उपस्थित रहे। श्रीमती मौसम बिसेन ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर शुरू किए गए सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

उन्होंने लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को मिल रहे लाभों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना तथा महिलाओं एवं बच्चों के जीवन स्तर में सुधार लाना है। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मूंगा के पौधे का रोपण भी किया गया।

उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज किरनापुर। गांधी जयंती के अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया यह अभियान 6 म.प्र बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल बी.एस जोधा के मार्गदर्शन में और विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अनिता तारण के नेतृत्व में आयोजित किया गया।



इस अभियान के तहत कैडेट्स ने प्रथम विद्यालय में गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात कैडेट्स ने बापू को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देशभक्ति गीत रघुपति राघव राजा राम और वैष्णव जन तो प्रस्तुत दी गई। विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कैडेट्स ने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत और गांधी जी का सपना, स्वच्छ भारत अपनाइ जैसे नारों के साथ रैली भी निकली।

विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती अनीता तारण ने सभी कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की विद्यालय के एनसीसी प्रभारी वर्षा चौरगड़े ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अभियान में स्कूल के सभी शिक्षक गण भी सम्मिलित रहे।

शाउमावि नगपुरा में गांधी जयंती पर स्वच्छता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नगपुरा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 02 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गयी। विद्यार्थियों द्वारा गांव में रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छ परिसर-स्वस्थ समाज के संदेश के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन कर विधार्थियों को गीले-सुखे कचरा प्रबंधन की जानकारी दी गयी। तत्पश्चात शाला परिसर में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर शाला प्रभारी चन्द्रपाल ठके द्वारा दोनों महापुरुषो के जीवन से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया एवं स्वच्छ रहने के साथ ही विद्यालय परिसर को पालीथीन एवं प्लास्टिक मुक्त विद्यालय बनाने में विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। विद्यार्थियों द्वारा भी महापुरुषो के जीवन पर अपने विचार रखे गये। उक्त कार्यक्रम में पुखराज वरकडे, सोमलाल बारेकर,



मोनिका सोनबिरसे, शीतल बहेकार, प्रीति अमूले, कन्हैयालाल मर्सकोले सहित सभी शिक्षक-शिशिकाएं उपस्थित रहे।

बिसोनी में ग्राम सभा के साथ मनाई गई गांधी जयंती

हरिभूमि न्यूज लांजी।

ग्राम पंचायत बिसोनी में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत के सभागृह में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित इस ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शासन के निर्देशों एवं आदेशों को ग्रामीणों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया तथा विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात उपस्थित ग्रामीणों ने गांधी जी को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। ग्राम सभा की अध्यक्षता ग्राम पंचायत बिसौनी की सरपंच श्रीमती वर्षा वाले द्वारा की गई।

ग्राम सभा के दौरान सरपंच प्रतिनिधि एवं पंच विजय बारे ने ग्रामीणों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, व्यक्तित्व एवं उनके विचारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने गांधी जी द्वारा बताए गए सिद्धांतों, सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सेवा एवं सामाजिक एकता के महत्व को ग्रामीणों के सामने रखा।उन्होंने कहा कि गांधी जी ने अपने जीवन में सत्य और अहिंसा को सर्वोच्च स्थान दिया तथा समाज को आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। गांधी जी का मानना था कि गांवों के विकास के बिना देश का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक ग्रामीण



को अपने गांव की स्वच्छता, स्वास्थ्य और विकास में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। ग्राम पंचायत बिसौनी के उपसरपंच पवन कश्यप ने भी ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष महात्मा गांधी के व्यक्तित्व एवं उनके विचारों को रखा। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन हमें गांधी जी के जीवन और उनके आदर्शों को याद करने के साथ-साथ उन्हें अपने व्यवहार और सामाजिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा देता है।उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा आज 2 अक्टूबर के पावन अवसर पर हम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को नमन करते हैं। गांधी जी ने हमें सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सेवा और आपसी भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और जब हमारे गांव मजबूत, स्वच्छ, शिक्षित और आत्मनिर्भर होंगे, तभी देश मजबूत बनेगा।

खुले में फेंकी जा रही सिरिंज, खून से सनी पट्टियां और एक्सपायरी दवाइयां

ये कचरा नहीं, मौत है...! कटंगी में बायोमेडिकल कचरे की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज कटंगी, देवानंद मेश्राम।

बायोमेडिकल कचरा निपटाने के लिए देश में कानून है, नियम है, दिशा-निर्देश हैं, जुर्माने हैं, बाकायदा जिम्मेदारी तय है। लेकिन कटंगी में कानून कागजों में कैद है और हकीकत नालों, जल स्त्रोतों, खुले मैदानों और कूड़ेदानों में बिखरी पड़ी है। कटंगी के सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में इस्तेमाल की गई सिरिंज, खून से सनी पट्टियां, आईवी ट्यूब और एक्सपायर्ड दवाइयां ऐसे फेंकी जा रही हैं, जैसे यह सामान्य कचरा हो। नगर परिषद से लेकर अस्पताल तक, कोई भी इस जहर को संभालने में सक्षम नहीं दिख रहा, और सबसे खतरनाक बात- इस पर कोई चर्चा तक नहीं हो रही। कटंगी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बीते दो सालों में नए अस्पताल, क्लीनिक और पैथोलॉजी सेंटर बेतहाशा रफ्तार से खुले हैं। हर गली में एक क्लीनिक है। जिस रफ्तार से इलाज की यह दुकानें बढ़ी हैं, उसी रफ्तार से बायोमेडिकल वेस्ट भी बढ़ा है। लेकिन इसे नष्ट करने की कोई ठोस व्यवस्था नहीं बनी। महानगरों में बायोमेडिकल वेस्ट के लिए इन्सीनरेटर, कॉमन बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट फैसिलिटी, कलर कोडेड डस्टबिन - पीला, लाल, नीला, सफेद - और सख्त निगरानी है। अस्पतालों में चार तरह के डस्टबिन रखना अनिवार्य है। लेकिन कटंगी में हकीकत उलट है। सरकारी अस्पताल को छोड़ दें तो अधिकांश निजी अस्पतालों, क्लीनिकों में कलर कोडेड डस्टबिन तक नहीं है। सब कचरा एक ही डस्टबिन में, फिर सीधा नगर परिषद के कूड़ेदान में या रात के अंधेरे में जंगल में। सरकारी अस्पताल की हालत भी ठीक नहीं है यहां नगर परिषद के सूखा कचरा, गीला कचरा के डस्टबिन है जहां सभी का कचरा एक साथ है। कटंगी शहर में अस्पताल और क्लिनिक की संख्या करीब 25 के आसपास है जबकि ग्रामीण अंचलों में भी कई डॉक्टर मरीजों का उपचार कर रहे है।



नट्टीटोला, घुनाड़ी और अंबामाई जंगल बना डंपिंग यार्डः अगर आपको लगता है कि यह आरोप है, तो एक बार इन जगहों पर जाकर देख लीजिए। नट्टीटोला स्थित मिनी स्टेडियम के पीछे, ग्राम पंचायत घुनाड़ी की सरहद पर और अंबामाई जंगल के किनारे बड़ी मात्रा में बायोमेडिकल वेस्ट पड़ा है। वहां खून से सने कॉटन, इस्तेमाल की हुई सिरिंज, टूटी हुई कांच की शीशियां, कैथेटर, सर्जिकल ग्लव्स खुले में पड़े हैं। वहीं गायें चर रही हैं, कुत्ते भोजन खोज रहे हैं। नगर के नट्टी टोला में तो बारिश आती है तो यही कचरा भालवा नाले में बहकर चंदन नदी और भूजल में मिल जाता है। नियम कहता है कि बायोमेडिकल वेस्ट का 80-85 प्रतिशत हिस्सा सामान्य होता है, केवल 15 प्रतिशत ही खतरनाक संक्रामक होता है। लेकिन जब यह अलग नहीं होगा, तो पूरा का पूरा 100 प्रतिशत कचरा खतरनाक बन जाता है। कटंगी में यही हो रहा है।

कचरा बीनने वालों की जान दांव परः इस लापरवाही का सबसे बड़ा खामियाजा दो वर्ग भुगत रहे हैं। एक तो बेजुबान जानवर। आवारा कुत्ते, गायें और चूहे इस संक्रमित कचरे को खा रहे हैं, जिससे उनके जरिए रेबीज और अन्य जूनोटिक बीमारियां फैलने का खतरा है। दूसरा, सबसे कमजोर वर्ग सफाईकर्मी, कचरा बीनने वाले और कबाड़ीवाले। नगर परिषद के सफाईकर्मी और कबाड़ी वाले कचरे के ढेर में बिना ग्लव्स, मास्क और जूतों के इस कचरे को हाथों से छांटते हैं। प्लास्टिक और कांच को दोबारा बेचने के लिए अलग करते हैं। एक मामूली सी सुई चुभने से भी हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी और एचआईवी जैसी जानलेवा बीमारियां हो सकती हैं। सरकारी अस्पताल का नजारा भी भयावह है। यहां जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2021 के अनुसार जैविक कचरा प्रबंधन भंडारण इकाई निर्माण किया गया है। वहां आईवी ड्रिप्स, सिरिंज और दवाइयां आम कचरे के साथ पड़ी दिखाई दी हैं। अस्पताल का बायोमेडिकल सिवनी भेजा जाता है किंतु अभी वाहन के नहीं आने से बायोमेडिकल पॉलिथीन में भरकर भंडारण इकाई के एक कमरे में पड़ा था। वैसे तो इकाई के बाहर चेतावनी लिखी है कि अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित है किंतु बदहाली देखने के लिए वहां प्रवेश करने की जरूरत ही नहीं पड़ती सबकुछ बाहर से ही दिखाई देता है। सूत्रों की माने तो प्राइवेट अस्पताल तो रात में बोरियों में भरकर बायोमेडिकल को जंगल और सड़क किनारे फेंक आते हैं।

इसलिए फेल हो रहा सिस्टम इसकी तीन बड़ी वजह : पहली, अस्पतालों की लापरवाही। अधिकांश क्लीनिकों ने किसी भी कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से अनुबंध ही नहीं किया है। सिवनी के प्लांट तक कचरा भेजना खर्चीला लगता है, इसलिए फेंक देना आसान है। दूसरी, नगर परिषद की असमर्थता। परिषद खुद ही रोज निकलने वाले सामान्य कचरे को नहीं संभाल पा रही, सामान्य कचरे को जलाया और जमीन में दबाने का काम कर रही है तो वह बायोमेडिकल वेस्ट जैसे खतरनाक कचरे को क्या संभालेगी? उसके पास न तो अलग वाहन है, न प्रशिक्षित स्टाफ। तीसरी, निगरानी का अभाव। बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के तहत कार्रवाई की जिम्मेदारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, स्वास्थ्य विभाग और नगर परिषद तीनों की है। लेकिन कटंगी में आज तक किसी अस्पताल पर जुर्माना लगा हो, ऐसी कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं है। नतीजा, यह जहर धीरे-धीरे हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में घुल रहा है। यह सिर्फ पर्यावरणीय समस्या नहीं, बल्कि एक पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी है।

यह उठाने होंगे कदमः नगर के सभी अस्पतालों, क्लीनिकों के लिए कॉमन बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से अनुबंध अनिवार्य किया जाए और जिसका रजिस्टर रोज मेंटेन हो। नगर परिषद को बायोमेडिकल वेस्ट के लिए अलग पीले रंग के वाहन की व्यवस्था करनी होगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को हर तीन महीने में औचक निरीक्षण कर जुर्माना लगाना होगा। नगर परिषद के कचरा बीनने वालों और सफाईकर्मियों को हेपेटाइटिस-बी का टीका और सुरक्षा किट देना अनिवार्य हो। सबसे महत्वपूर्ण बात इस कचरे को अदृश्य न समझे। क्योंकि जो सिरिंज आज नट्टीटोला के मैदान, घुनाड़ी की सरहद और अंबामांई के जंगल में पड़ी है, कल वही नल के पानी में, बच्चों के खेलने की जगह पर हो सकती है। दरअसल, लापरवाही बहुत हुई, अब कार्रवाई की जरूरत है।

पीएम श्री शास.स्कूल डाइट में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत नागालैंड संस्कृति की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल डाइट में एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत 30 सितंबर को नागालैंड की संस्कृति, खान-पान, पहनावा और रहन-सहन पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराना और विभिन्न राज्यों की परंपराओं को समझने के लिए प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नागालैंड की संस्कृति पर आधारित सामूहिक लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही बच्चों ने भारत की विविधता को जानने और समझने के उद्देश्य से विभिन्न प्रोजेक्ट तैयार किए तथा उन्हें प्रदर्शित कर उनके बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों नागालैंड की पारंपरिक जीवनशैली, वेशभूषा, भोजन एवं सांस्कृतिक परंपराओं को अपने प्रोजेक्ट और प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया। इससे विद्यार्थियों में देश की 'विविधता में एकता' की भावना को समझने का अवसर मिला।



उमंग दिवस का भी हुआ आयोजन

शासन के निर्देशानुसार पीएमश्री शासकीय हाई स्कूल डाइट बालाघाट में इमोशनल वेल बीइंग उमंग दिवस मनाया गया कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को जीवन कौशल सिखाया गया। राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर मनोज मेश्राम द्वारा बच्चों को उत्साहवर्धक तरीके से अध्यापन एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय स्तर के उमंग शिक्षक श्री संतोष दलयोबिया एवं श्रीमती



ममता वराड़े ने जीवंत झाकियाँ तैयार कर कार्य कुशलता का संदेश दिया। इस अवसर पर संस्था की प्राचार्य श्रीमती गीता बंशपाल, सांस्कृतिक प्रभारी ललिता चौधरी, सुप्रिया अडवीन, पुनीत शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

